# बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

विज्ञापन सं॰– 07/2015, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार के अन्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्राचार्य (वरीय प्रथम श्रेणी, राजपत्रित) के रिक्त 06 (छः) पदों पर नियुक्ति हेतु सुयोग्य उम्मीदवारों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इन रिक्त 06 (छः) पदों में से अनारक्षित को 02 (दो), अनुसूचित जाति को 02 (दो), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग को 01 (एक) एवं पिछड़ा वर्ग को 01 (एक) पद अनुमान्य है। इन अनुमान्य पदों में से विकलांगों को भी नियमानुसार 3 (तीन) प्रतिशत आरक्षण देय होगा।

2. **वेतनमान** :– पी॰बी॰ रू॰ 37400–67000 + ए॰जी॰पी॰ – रू॰ 10000 एवं विशेष भत्ता – रू॰ 3000

3. **शैक्षणिक योग्यता** :–

| आवश्यक योग्यता<br>**(Qualification Required)** | अनुभव<br>**(Experience)** |
|---|---|
| प्रासंगिक शाखा में बी॰ई॰/बी॰टेक॰ और एम॰ई॰/एम॰टेक॰ जिसमें बी॰ई॰/बी॰टेक॰ अथवा एम॰ई॰/एम॰टेक॰ में से किसी एक में प्रथम श्रेणी अथवा समकक्ष हो, तथा उपर्युक्त विषय क्षेत्र में पीएच॰डी॰ अथवा समकक्ष पोस्ट पीएच॰डी॰ प्रकाशन तथा पीएच॰डी॰ छात्रों का गाईड करना अत्यन्त वांछनीय<br><br>B.E./B.Tech and M.E/M.Tech in relevant branch with first class or equivalent either in B.E./B.Tech or M.E./M.Tech and Ph.D or equivalent in appropriate discipline Post Ph.D Publications and guiding Ph.D students is highly desirable | शिक्षण/शोध/उद्योग में न्यूनतम 10 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव जिसमें न्यूनतम 3 वर्ष प्रोफेसर के स्तर पर होना चाहिए, अथवा शिक्षण और/अथवा शोध और/अथवा उद्योग में न्यूनतम 13 वर्ष का अनुभव।<br>शोध अनुभव के मामले में बेहतर शैक्षणिक रिकार्ड तथा पुस्तक/शोध–पत्र प्रकाशन/आई॰पी॰आर/पेटेंटों के रिकार्ड आयोग द्वारा आवश्यक समझे जाने पर अपेक्षित होंगे।<br>यदि उद्योग का अनुभव विचार किया जाता है तो यह प्रबंधकीय स्तर का होना चाहिए जो प्रोफेसर के समकक्ष हो तथा जिसमें डिजाईनिंग आयोजन कार्यकारी, विश्लेषण, गुणवत्ता, नियंत्रण, अभिनवता, प्रशिक्षण, तकनीकी पुस्तकों/शोध–पत्र प्रकाशन/ आई॰पी॰आर॰/पेटेटो, आदि के रूप में सक्रिय प्रतिभागिता हो, जैसा कि आयोग द्वारा आवश्यक समझा जाए।<br>प्रबंधन एवं नेतृत्व के लिए अभिरूचि अनिवार्य है। वास्तुकला (Architecture) के मामले में वास्तुकला परिषद (Council of Architecture) द्वारा यथाप्रमाणित 10 वर्ष के व्यवसायिक कार्य पर भी वैद्य रूप से विचार किया जायेगा।<br>Minimum of 10 years experience in teaching/ research/ industry out of which at least 3 years shall be at the level of Professor.<br>Or<br>Minimum of 13 years experience in teaching and/or Research and/or Industry. In case of research experience, good academic record and books/research paper publication/IPR/Patents record shall be required as deemed fit by Commission.<br>If the experience in industry is considered, the same shall be at managerial level equivalent to Professor level with active participation record in devising, designing, developing, planning, executing, analyzing, quality control, innovating, training, technical books/research paper publication/ IPR/patents, etc. as deemed fit by the Commission. Flair for Management and Leadership essential.<br>In case of Architecture, Professional Practice of 10 years as certified by the council of Architecture shall also be considered valid. |

4. **उम्र सीमा** – दिनांक 01.08.2015 को इच्छुक उम्मीदवारों/आवेदकों की उम्र न्यूनतम 37 वर्ष तथा अधिकतम सेवा निवृत्ति की तिथि तक होना चाहिए। नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान सेवा निवृत्त होने वाले अभ्यर्थियों की अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. **आरक्षणः**

(i) आवेदन पत्र में, नियत क्रमांक के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी, जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है अर्थात् जो बिहार के मूलवासी हैं। बिहार राज्य के बाहर के निवासी अभ्यर्थी आरक्षण क लाभ हेतु दावा नहीं करेंगे।

(ii) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के परिपत्र सं॰ 673, दिनांक 08.03.2011 के आलोक में आरक्षित कोटि के उम्मीदवार के लिए, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की दशा में, अपने स्थायी अधिवास अंचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति–सह–क्रीमीलेयर में नहीं आने सम्बन्धो प्रमाण पत्र एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की दशा में; अपने स्थायी अधिवास अंचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा। **विहित मूल आरक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए उम्मीदवार के साक्षात्कार की तिथि अंतिम तिथि होगी; उक्त तिथि के पश्चात प्रस्तुत किया गया जाति–सह–क्रीमीलेयर में नहीं आने सम्बन्धी प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र अमान्य होगा और संबंधित उम्मीदवार सामान्य (अनारक्षित) कोटि में अंकित किये जायेंगे।**

6. **शुल्कः**

केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के लिए 25/– (पचीस) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 75/– (पचहत्तर) रूपये तथा बिहार राज्य के अन्य कोटि के उम्मीदवारों एवं अन्य राज्यों के सभी कोटि के उम्मीदवारों के लिए 100/– (एक सौ) रूपये + बैक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 150/– (एक सौ पचास) रूपये चालान के माध्यम से आयोग के खाता संख्या 31650243410 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा करना होगा। उक्त चालान आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर व्यवहार में लाया जा सकता है। **चालान की एक प्रति (BPSC's Copy) आवेदन पत्र के साथ निश्चित रूप से संलग्न करना है तथा तीसरी प्रति (Depositor's Copy) अपने पास सुरक्षित रखना है।**

7. **अन्यः**

**अपूर्ण, अहस्ताक्षरित तथा विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकृत कर दिये जायेंगे तथा शुल्क वापस नहीं किया जायेगा।**

8. **चयन का आधार – निम्नलिखित विवरणी के आधार पर चयन किया जायेगा, जिसके लिए अंकों का विभाजन निम्नवत होगा :–**

| **Total Weightage-100** | | |
|---|---|---|
| **Academic Background (Weightage-20)** | **Evaluation of Academic Performance, Research Performance, Domain Knowledge and Teaching Skill. (Total-60)** | **Viva-Voce (Weightage-20)** |
| **a)** 10% of Percentage Marks obtained in M.Tech in relevant Branch.<br><br>**b)** 5% of Percentage Marks obtained in B.Tech.<br><br>**c)** Ph.D - 5 marks. | **a)** Research Publication – **(Weightage-20 Maximum)**<br>**b)** Seminar Presentation- **(Weightage-20 Maximum)**<br>**c)** Sponsored Research Project/Project-**(Weightage-10 Maximum)**<br>**d)** Research Guidance (M.Phil, M.E., M.Tech.)- **(Weightage-05 Maximum)**<br>**e)** Ph.D. guidance - **(Weightage-05 Maximum)**<br>• Referred Journals – 3 Each Publication.<br>• Non-referred but recognized and reputable Journals and periodicals with ISBN/ISSN Number – 2/Publication<br>• Seminar/Conference Proceedings as full papers etc. (Abstracts not to be included) – International – 5/Publication | |

| | | |
|---|---|---|
| | National - 2.5/Publication<br>• Text Reference Books Published by International Publishers with an established peer review system<br>By sole author – 5/Chapter<br>In edited books – 1/Chapter<br>• Subject Books by National / State level publishers and Central Govt. Publications ISBN/ISSN Numbers –<br>By sole author – 2.5/Chapter<br>In edited books – 0.5/Chapter<br>• Subject Books by other local publishers with ISBN/ISSN Number-<br>By sole author – 1.5/Chapter<br>In edited books – 0.25/Chapter<br>• Chapters contribution to edited knowledge based volumes (Published by International Publishers) – 2/Chapter<br>• Chapters in knowledge based volumes Published by Indian/National level Publishers with ISBN/ISSN Numbers and with numbers of National and International directories – 1/Chapter<br><br>**PROJECTS**<br>• Major projects amount mobilized with grants above Rs. 30.0 Lakh –<br>**Each Project-15 Weightage**<br>• Major projects amount mobilized with grants above Rs. 5 Lakh up to 30.0 Lakh -<br>**Each Project-10 Weightage**<br>• Minor projects (amount mobilized with grants above Rs. 50,000 up to 5 Lakh –<br>**Each Project-5 Weightage**<br>• Minor policy document of Govt. Bodies at Central and State level Patent/Technology transfer/Product/Process -<br>**30 for Each output/Patent of National level**<br>**50 for Each one of International level**<br><br>**RESEARCH GUIDANCE**<br>• Degree Awarded only (M.Phil/M.E./M.Tech.)-<br>**1.5/Each Candidate**<br>• Degree (Ph.D) awarded –<br>**2.5/Each Candidate**<br>• Thesis submitted –<br>**1.5/Each Candidate**<br>• Participation and Presentation of Research papers (Oral/Poster) as follows :-<br>(a) International Conference - 10/Each<br>(b) National - 5/Each<br>(c) Regional/State level - 1/Each<br>(d) Local University/College level - 0.5/Each | |

नोट :– **मेधा का आकलन 100 अंकों के आधार पर किया जायेगा।**

**9. अंतिम तिथि:**

(i) **भरा हुआ आवेदन पत्र केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेंजे कि शुक्रवार, दिनांक 24.07.2015 को अपराह्न 5.00 बजे तक परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001 को अवश्य प्राप्त हो जाए।**

(ii) **यदि डाक सेवा में विलम्ब के कारण किसी अभ्यर्थी का आवेदन पत्र आयोग कार्यालय में निर्धारित अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होगा, तो वैसे आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा और इसके लिए आयोग कतई जिम्मेवार नहीं होगा।**

## आवेदन पत्र भरने हेतु आवश्यक निर्देश/आवेदन प्रपत्र

**1. प्रविष्टि:**

**(i)** आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ए–4 आकार (210×297 मिमी॰) के मोटे कागज पर आयोग के वेबसाइट http://bpsc.bih.nic.in से डाउनलोड कर व्यवहार में लायें। **आवेदन पत्र का प्रपत्र चार पृष्ठों में ही कागज के दोनों पार होना चाहिए। निर्धारित प्रपत्र से अलग, मुद्रित, टंकित, हस्तलिखित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

**(ii)** **आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियाँ नीले/काले स्याही के बॉल प्वाइंट पेन से स्वहस्तलिपि में साफ–साफ अंकित करें। चूंकि आवेदन कम्प्यूटरीकृत प्रणाली द्वारा प्रोसेस किया जाना है। अतः यह अनिवार्य है कि आवेदन निर्धारित प्रपत्र मे ही हो; उचित एवं पूर्ण रूप से भरा हो और उसमें कोई संशोधन/परिवर्तन/ओवरराइटिंग नहीं हो। आवेदन भरने हेतु अंग्रेजी के अंतर्राष्ट्रीय अंकों का ही प्रयोग करें।**

**(iii)** आवेदन–पत्र में रिक्त आयतों को समुचित तरीके से इस प्रकार भरें, जैसेः–

(i) **आवेदन की कंडिका 1(i) में देवनागरी लिपि में नाम, यथा; स्निग्धा, इस प्रकार भरा जाय–**

| स्ि | न | ग् | धा | | |
|---|---|---|---|---|---|

(ii) **हिन्दी अथवा अंग्रेजी में एक शब्द के बाद एक ब्लॉक रिक्त रखें।**

(iii) **आवेदन की कंडिका 2(iii) में यदि आप किसी आरक्षित वर्ग से हैं तो 1 भरें एवं नहीं हैं तो 2 भरें।**

(iv) **आवेदन की कंडिका 2(iv) में, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार संबंधित आरक्षित वर्ग का कोड अनुसूचित जाति के लिये 02, अनुसूचित जनजाति के लिये 03, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिये 04 एवं पिछड़ा वर्ग के लिये 05 भरें।**

**उसी प्रकार सभी आयतों को भरें। अपूर्ण अथवा अनुचित तरीके से भरे गये आयतों को अधूरी/अपूर्ण सूचना समझी जायेगी एवं आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**

**(iv)** जो स्तम्भ (कॉलम) उम्मीदवार से संबधित न हो अथवा उस पर लागू न हो, उसे क्रॉस (×) कर दें।

**(v)** **क्रमांक 8 "Academic qualification" के अधीन प्राप्तांक/पूर्णांक एवं प्रतिशत के स्तम्भों में अतिरिक्त विषय के अंक एवं प्रतिशत को नहीं जोड़ें।**

**(vi)** स्तम्भ (कॉलम) 27 में उम्मीदवार अपनी शारीरिक पहचान का एक विशिष्ट चिह्न अवश्य अंकित करें जो दूसरों से उनकी पहचान पृथक कर सके।

**(vii)** आवेदन प्रपत्र के पृष्ठ संख्या–6 में दिये गए कॉलम only for Bihar/Jharkhand Govt. Servants केवल सरकारी सेवकों के लिए है। ऐसे उम्मीदवार अपने नियंत्री पदाधिकारी अथवा विभागीय सक्षम प्राधिकार से कॉलम में अंकित प्रमाण–पत्र नियत स्थान पर अवश्य प्राप्त कर लेंगे।

**2. फोटोग्राफ:**

आवेदन–पत्र के पृ॰ 1 एवं 6 पर फोटो चिपकाने हेतु छोड़े गए खाली जगह में अंकित निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। **फोटो स्टेपल न करें या सेलोटेप से न साटें। गोंद से अच्छी तरह चिपकाएँ।** दोनों फोटो एक ही तरह का हाल का खींचा हुआ होना चाहिए। पुराना एवं अस्पष्ट फोटो आवेदन–अस्वीकृत का कारण हो सकता है। **फोटो इस प्रकार स्वअभिप्रमाणित किया जाय कि हस्ताक्षर का आधा भाग आवेदन पर एवं शेष आधा भाग फोटो पर रहे।**

3. लिफाफा एवं प्रमाण पत्रः

(i) विहित आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमााण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियां अनुलग्नक के रूप में क्रमवार अवश्य संलग्न करें:–

1) मैट्रिक का प्रमाण पत्र (जन्म तिथि के लिए),
2) स्नातक डिग्री प्रमााण पत्र एवं अंक पत्र,
3) स्नातकोत्तर डिग्री प्रमााण पत्र एवं अंक पत्र,
4) पीएच॰डी॰ प्रमाण पत्र
5) विहित अनुभव संबंधी प्रमाण–पत्र,
6) विज्ञापन में निर्धारित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक Referred / Non-referred जर्नल में प्रकाशित शोध पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं, जो अंक निर्धारण के लिए मान्य होंगे,
7) विज्ञापन में निर्धारित अंतिम तिथि तक आयोजित राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार/**Conference** में प्रस्तुत पेपर्स आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं। उम्मीदवार द्वारा उपर्युक्त पेपर प्रस्तुत करने संबंधी प्रमाण पत्र सेमिनार/**Conference** आयोजित करने वाले संस्थान के चेयरमेन/संयोजक से प्राप्त कर संलग्न करना होगा),
8) उम्मीदवार द्वारा यदि किसी तरह का **research project/project** तैयार किया गया हो, तो उसका प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना होगा,
9) शोध अनुभव के मामले में पुस्तक/शोध पत्र प्रकाशन/IPR/Patents के रिकॉर्ड आवेदन के साथ संलग्न करें,
10) यदि उम्मीदवार का अनुभव उद्योग का ह, तो यह प्रबंधकीय स्तर का होना चाहिए, जो प्रोफेसर के समकक्ष हो तथा जिसमें डिजाइनिंग, आयोजन कार्यकारी, विश्लेषण, गुणवत्ता, नियंत्रण, अभिनवताः, प्रशिक्षण, तकनीकी पुस्तकों/शोध पत्र प्रकाशन/IPR/पेटेन्टों आदि के रूप में सक्रिय प्रतिभागिता सम्बम्धी अनुभव प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ संलग्न करें,
11) यदि उम्मीदवार द्वारा Research Guide (M.Phil, M.E./M.Tech) या Ph.D. Guide के रूप में कार्य किया गया है, तो अपने विश्वविद्यालय के सक्षम पदाधिकारी से इस आशय का प्रमाण–पत्र लेकर आवेदन के साथ संलग्न करना होगा, कि उनके द्वारा कितने छात्रों के Research या Ph.D Guide के रूप में कार्य किया गया है। उन्हें छात्रों को Degree award होने तथा Thesis जमा होने पर ही अंक देय होंगे,
12) विज्ञापन में निर्धारित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक आवेदक को प्राप्त शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव से संबंधित उपर्युक्त प्रमाण पत्र ही मान्य होंग,
13) जाति प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिये),
14) जाति प्रमाण पत्र (अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र के साथ), एवं
15) विकलांगता का दावा करने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत तत्सम्बन्धी प्रमाण पत्र।

(ii) वैसे उम्मीदवार, जिनके अंक पत्र में अंक की जगह ग्रेड अंकित है, उन्हें अपने विश्वविद्यालय से उक्त ग्रेडिंग प्रणाली को प्रतिशत में परिवर्तित करने का फार्मूला प्राप्त कर अपने आवेदन के साथ संलग्न करना होगा, अन्यथा उनके ग्रेड को **AICTE** द्वारा ग्रेड को प्रतिशत में परिवर्तित करने हेतु प्रदत फार्मूला के आधार पर प्रतिशत निकाला जाएगा।

(iii) 16 × 10 से॰मी॰ का स्वपता लिखित दो लिफाफा (अनुक्रमांक तथा प्रवेश पत्र निर्गत करने हेतु), जिनपर 40–40 रूपये का डाक टिकट सटा हो, विहित आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें।

(iv) जिस लिफाफे में आवेदन पत्र भेज रहे हैं, उस लिफाफा के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं पदनाम जिसके लिए आपने आवेदन किया है, अनिवार्य रूप से अंकित करें। उसपर अपना पूरा पता अंकित करें।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।